भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या : 598

गुरुवार, 25 जुलाई, 2024/3 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

उड़ान सेवाओं में कटौती

598. श्री बैन्नी बेहनन:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय पिछले पांच वर्षों के दौरान केरल से आने-जाने वाली उड़ानों की संख्या के आंकड़े प्रदान कर सकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) केरल के विभन्नि हवाई अड्डों, विशेषकर कोझिकोड और कन्नूर हवाई अड्डों से उड़ानों की संख्या में लगातर कमी के क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) : पिछले पांच वर्षों के दौरान केरल राज्य के हवाईअड्डों से परिचालित उड़ानों का विवरण अनुलग्नक में संलग्न है।

(ख) : मार्च 1994 में विमान निगम अधिनियम के समाप्त किए जाने के पश्चात, भारतीय घरेलू विमानन क्षेत्र को पूरी तरह से नियंत्रणमुक्त कर दिया गया था। इसके फलस्वरूप एयरलाइनें किसी भी प्रकार के विमान के साथ क्षमता बढाने के लिए स्वतंत्र हैं और सरकार द्वारा जारी मार्ग संवितरण दिशानिर्देश (आरडीजी) के अनुपालन के अधीन किसी भी बाजार और नेटवर्क में सेवा प्रदान करने के लिए स्वतंत्र हैं। यह एयरलाइन प्रचालक पर निर्भर करता है कि वह अपनी प्रचालनिक और वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर देश के किसी भी हवाईअड्डे के लिए/से हवाई सेवाएं शुरू या परिचालित करें।

******

<u>**अनुलग्नक**</u>

पिछले 5 वर्षों के दौरान केरल से/के लिए परिचालित उड़ानों की संख्या															
हवाईअड्डा	**2019-2020**			**2020-2021**			**2021-2022**			**2022-2023**			**2023-2024**		
	अंतर्राष्ट्रीय	**घरेलू**	**कुल**	**अंतर्राष्ट्रीय**	**घरेलू**	**कुल**	**अंतर्राष्ट्रीय**	**घरेलू**	**कुल**	**अंतर्राष्ट्रीय**	**घरेलू**	**कुल**	**अंतर्राष्ट्रीय**	**घरेलू**	**कुल**
कन्नूर (किआल)	5389	9742	15131	2321	3985	6306	4136	5674	9810	6233	5791	12024	5002	5969	10971
कोच्चि	27261	38845	66106	8109	16803	24912	17457	22929	40386	25724	32554	58278	29502	37967	67469
कोझिकोड	18660	6695	25355	5611	3327	8938	10697	4311	15008	16780	6362	23142	17960	6458	24418
तिरुवनंतपुरम	14812	14030	28842	4202	5111	9313	8346	7010	15356	12324	12270	24594	13216	16925	30141
कुल	**66122**	**69312**	**135434**	**20243**	**29226**	**49469**	**40636**	**39924**	**80560**	**61061**	**56977**	**118038**	**65680**	**67319**	**132999**

टिप्पणी- विमान संचलन में, विमान की लैंडिंग और टेक-ऑफ को अलग-अलग गिना जाता है, अर्थात, एक लैंडिंग और एक टेक-ऑफ को दो संचलन के रूप में गिना जाता है।